# न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी बाप, फलोदी

**पीठासीन अधिकारी :– सुखाराम पिण्डेल (आर.ए.एस.)**

**राजस्व प्रकरण संख्या :– 205 / 2024** **जी.सी.एम.एस. नम्बर :– 2024 / 213**
**दायर दिनांक :– 25.09.2024** **निर्णय दिनांक :– 13.02.2025**

1. बाबूराम पुत्र कानाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
2. हीराराम पुत्र कानाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
3. मोहनराम पुत्र कानाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4. नथूराम पुत्र कानाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
5. इमरती पुत्री कानाराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

**–प्रार्थी**

**बनाम**

1. राज्य सरकार जरिये तहसीलदार बाप तहसील बाप जिला फलोदी
2. जुगताराम पुत्र प्रहलादराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
3. श्रवण कुमार पुत्र जुगताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4. हरदास पुत्र बरसींगा जाति विश्नोई फौत के कायम मुकाम

4/1 बीरबलराम पुत्र हरदास जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/2 हजारीराम पुत्र हरदास जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/3 दया पुत्री हरदास जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/4 मोहनी पुत्री हरदास जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/5 अर्जुनराम पुत्र हरदास जाति विश्नोई फौत के कायम मुकाम
4/5/1 अशोक पुत्र अर्जुनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/5/2 भजनाराम पुत्र अर्जुनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/5/3 उग्रसैन पुत्र अर्जुनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
4/5/4 मदनलाल पुत्र अर्जुनराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

5. ऐलची पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
6. कमला पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
7. जीवनराम पुत्र सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
8. पतासी पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
9. बाधू पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
10. मीरा पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
11. लक्ष्मी पुत्री सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी
12. सुखराम पुत्र सांवताराम जाति विश्नोई निवासी नेवा तहसील बाप जिला फलोदी

**–अप्रार्थीगण**

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956

उपस्थित :–1. श्री राजेन्द्रसिंह सोंलकी अधिवक्ता प्रार्थीगण

2. पैरोकार सरकार तहसीलदार बाप

### –:: निर्णय ::–

प्रार्थीगण ने राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 का इस आशय से पेश किया है कि प्रार्थीगण की संयुक्त खातेदारी अधिकारों की भूमि खसरा नम्बर 76/2 रकबा 1.5702 हैक्टेयर, तथा अप्रार्थी संख्या 2 व 3 की खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 76 रकबा 5.5685 हैक्टेयर, अप्रार्थी संख्या 4 की खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 76/3 रकबा 0.7608 हैक्टेयर तथा अप्रार्थीगण संख्या 5 ता 12 की संयुक्त खातेदारी अधिकारों की काश्त भूमि खसरा नम्बर 76/1 रकबा 3.9497 हैक्टेयर सरहद मौजा नेंवा पटवार क्षेत्र कानासर तहसील बाप में स्थित है। जमाबंदी व नक्शा संलग्न पेश है। प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 2 ता 12 उक्त वादग्रस्त भूमि पर अपना अपना कब्जा काश्त लगातार शांतिपूर्वक तरीके से चला आ रहा है तथा प्रत्येक वर्ष काश्त का प्राकृतिक पैदावार का उपयोग व उपभोग लेते आ रहे है। उक्त वादग्रस्त भूमि राजस्व अभिलेख जमाबंदी में प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 2 ता 12 के नाम अलग–अलग रूप से दर्ज थी लेकिन वर्तमान में पटवारी हल्का ने सरासर गलत तरीके से प्रार्थीगण को सूचित किये बगैर ही सेग्रीकेशन योजना के तहत प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 2 ता 12 की खातेदारी की भूमि की नक्शा ट्रेस में कब्जा काश्त के विपरित की गयी तरमीम को निरस्त करवाने एवं प्रार्थना पत्र के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार तरमीम करवाने के अधिकारी है जिसका यह प्रार्थना पत्र पेश है।

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर सिगेदार की रिपोर्ट ली जाकर दर्ज रजिस्टर किया गया। अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। अप्रार्थी संख्या 2 ता 12 की और से कोई उपस्थित नहीं आये लिहाजा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गयी। अप्रार्थी संख्या 01 तहसीलदार बाप ने जवाब व मौका रिपोर्ट मय नजरी नक्शा पेश किया जो शामिल पत्रावली किया गया।

बहस अधिवक्ता प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 सुनी गयी। दस्तावेजों का गहराई से अध्ययन किया गया। बहस अधिवक्ता पर मनन किया गया। ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप के खसरा नम्बर 76/2 रकबा 1.5702 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 76 रकबा 5.5685 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 76/3 रकबा 0.7608 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 76/1 रकबा 3.9497 हैक्टेयर भूमि की तरमीम खातेदारों के कब्जा काश्त के भिन्न है। पटवारी हल्का की मौका रिपोर्ट इत्यादि का अवलोकन करने से यह स्पष्ट होता है कि आराजी खसरान् की तरमीम ऑनलाईन नक्शा में कब्जा काश्त के विपरित की गई है जिसे कब्जा काश्त अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित है। प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दस्तावेजों से साबित है।

सहायक कलेक्टर
बाप (फलोदी)

अतः उपर्युक्त विवेचन के आधार पर उपरोक्त वर्णित खसरान् की तरमीम को निरस्त किया जाकर पटवारी हल्का कानासर एवं भू.अ.निरीक्षक की मौका रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार किया जाना उचित समझते है।

**क्रियात्मक आदेश**

उपर्युक्त विवेचन के आलोक में प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 131,136 राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 स्वीकार योग्य होने के कारण स्वीकार किया जाता है कि ग्राम नेंवा पटवार हल्का कानासर तहसील बाप के खसरा नम्बर 76/2 रकबा 1.5702 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 76 रकबा 5.5685 हैक्टेयर, खसरा नम्बर 76/3 रकबा 0.7608 हैक्टेयर तथा खसरा नम्बर 76/1 रकबा 3.9497 हैक्टेयर भूमि की वर्तमान ऑनलाईन तरमीम को निरस्त की जाकर पटवारी हल्का शेखासर एवं भू.अ.निरीक्षक की मौका रिपोर्ट के संलग्न नजरी नक्शा अनुसार तरमीम किये जाने के आदेश तहसीलदार बाप को दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम की जाकर दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 13.02.2025 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

13/2/25

(सु[illegible] पण्डेल, R.A.S.)
सहायक कलक्टर एवं
उपखण्ड अधिकारी
बाप (फलोदी)